# पशुधन अनुसंधान केन्द्र, नोहर
(राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,बीकानेर)

*Dr. Suresh Chand Kantwa*
*Officer Incharge* *Mob. 7697192001* *Email-lrsnohar01@gmail.com*

No.F.( )/ ESTT. /LRS/NHR/2026/ 313 Date:- 10-03-2026

UBN NO:- VAU2526GLOB00143

## निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस केन्द्र पर वर्ष 2026–27 के लिये राठी गायो के दूध विक्रय हेतु मोहर बंद निविदाए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न प्रकार है। :–

| क्र. सं. | विवरण | वार्षिक अनुमानित मात्रा | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा विक्रय दिनांक | निविदा जमा करवाने का दिनांक व समय | निविदा खोलने का दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राठी गायो का दूध 01 अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रतिदिन प्रातः व शाम केन्द्र से उठाना | 1,00,000 लिटर | 1,00,000/– | 500/– नगद या 550/– डाक डी.डी. द्वारा | 10.03.2026 से 24.03.2026 | 24.03.2026 11:00 AM तक | 24.03.2026 02:00 PM |

मोहर बंद निविदाए मय धरोहर राशि निर्धारित तिथि को दोपहर 11:00 बजे तक ली जावेगी तथा निविदाए उसी दिन दोपहर 02:00 बजे निविदादाता या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र नगद या डाक से रेखाकिंत डी.डी **Live Stock Research Payable at Nohar** के नाम देय होगा। निविदा की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://rajuvasbikaner.org एंव www.sppp.rajasthan.gov.in पर देख सकते है।

प्रभारी अधिकारी
पशुधन अनुसंधान केन्द्र, नोहर
Officer Incharge
Livestock Research Station
NOHAR (Hanumangarh)

Scanned with OKEN Scanner

# राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,बीकानेर

## पशुधन अनुसंधान केन्द्र,नोहर  जिला–हनुमानगढ़(राज.)

:– गाय का दूध निविदा पत्र :–

क्रमांकः–  दिनांकः–

मूल्य निविदा प्रपत्र : 500/ रूपये
डाक द्वारा मंगाने पर 550/ रूपये

नाम निविदादाता :–..............................................................................

पिता/पति का नाम :–..............................................................................

डाक का पूरा पता :–..............................................................................

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा अवधि | :– 01.04.2026 से | 31.03.2027 तक | |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– 24.03.2026 | अपरान्ह 11.00 बजे | |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | :– 24.03.2026 | दोपहर 02.00 बजे | |
| निविदा प्रपत्र के साथ अमानत राशि | :– 1,00,000/– | | |

डिमांड ड्रॉफ्ट नं.........................................  नगद जमा की रसीद सँख्या...............................................

बैंक का नाम, खाता संख्या  खाली चैक की फोटो प्रति संलग्न करें।

मोबाईल न. :–.........................................

---

**<u>दूध क्रय निविदादाता निविदा की दरें रूपये में भरेगें । दुध की न्यूनतम दर 48 रू से अधिक होनी चाहिऐ।</u>**

मैंने निविदा की विस्तृत जानकारी तथा शर्ते पढ़ ली है/पढ़ कर सुना दी गई है तथा मैं उन शर्तों का पालन करने लिये सहमत हूँ एवं निम्न दर की निविदा प्रस्तुत करता/करती हूँ।

निविदा वस्तु :– गाय का दूध  दर प्रति लीटर अकों में:–..........................................

दर प्रति लीटर शब्दों में:–..........................................

दिनांक :–  हस्ताक्षर निविदादाता

Officer Incharge
Livestock Research Station
NOHAR (Hanumangarh)

Scanned with OKEN Scanner

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,बीकानेर

पशुधन अनुसंधान केन्द्र, नोहर जिला–हनुमानगढ़ (राज.)

–: निविदा शर्ते :–

1. निविदा प्रस्तुत करने के लिये प्रत्येक निविदादाता को मोहर बन्द निविदा प्रपत्र के साथ रूपये 1,00,000/– (एक लाख रू.) की राशि नगद या **Live Stock Research Payable at Nohar** के नाम रेखांकित ड्रॉफ्ट द्वारा जमा करानी होगी।

2. वांछित मात्रा में निविदा प्रपत्र निर्धारित तिथि तक प्राप्त न होने पर विश्वविद्यालय अधिकारी/कमेटी के निर्णयानुसार कार्यवाही की जायेगी।

3. उल्लेखित अनुसार निर्धारित धरोहर राशि जमा न करने की दशा में निविदा प्रपत्र मान्य नही होगा तथा डी. जी. एस. एण्ड डी. भारत सरकार, सी एस पी ओ वित विभाग, राजस्थान सरकार, लधु उद्योग निगम या इस प्रकार की संस्थाओं द्वारा मान्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर धरोहर राशि जमा कराये जाने बाबत नियमानुसार छुट दी जा सकती है।

4. उक्त निविदा हेतु प्रस्तुत दरे 01 अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027 तक मान्य रहेगी।

5. यदि उच्चतम दर देने वाली पार्टी लगातार सात दिन तक भुगतान पर दूध उठाने में समर्थ रही तो दूसरी उच्चतम दर देने वाली पार्टी को धरोहर राशि लौटा दी जायेगी। प्रथम उच्चतम दर वाली पार्टी के असफल होने की स्थिति में उसकी जमानत राशि जब्त करते हुये ठेका निरस्त कर दिया जायेगा एंव ठेका दूसरी उच्च दर देने वाली पार्टी को विश्वविद्यालय की अनुमति पर दिया जा सकता है।

6. ठेके की स्वीकृति का आदेश मिलते ही ठेकेदार को पूर्व निधारित रूपये 500/के अनुबन्ध पत्र पर इकरारनामा जो स्वय निविदादाता द्वारा क्रय कर प्रभारी अधिकारी को एक सप्ताह में प्रस्तुत करना होगा। अनुबन्ध पत्र भरने पर ही दूध दिया जाना प्रारम्भ किया जायेगा। इसका खर्च संवेदक द्वारा वहन किया जावेगा।

7. ठेकेदार को अग्रिम राशि रूपये 100,000/ नगद अथवा रेखाँकित चैक **Live Stock Research** के नाम से देना होगा। उक्त राशि का दूध उठाने से पूर्व ही अग्रिम राशि के रूप में 100,000/ चैक/ नगद राशि प्रभारी अधिकारी के खाते में जमा करवानी होगी। यह व्यवस्था ठेका अवधि के दौरान जारी रहेगी।

8. इस केन्द्र से दूध क्रय करने वाली फर्म दूध विक्रय व दूध उत्पाद बनाकर विक्रय करने का संबधित विभाग (कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी) से लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है जिसकी अवधि 31 मार्च 2027 तक की होनी आवश्यक है इस की फोटो प्रति सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित करवाकर ठेका शुरू होने के एक महिने के अन्दर जमा करवाना होगा। अन्यथा जमानत राशि व अग्रिम राशि जब्त कर ली जायेगी।

9. जिस व्यक्ति/पार्टीकी अधिकतम दर होगी उसकी राशि ठेका अवधि के दौरान जमा रहेगी। ठेके को संतोषजनक पूरा करने पर ठेकेदार को धरोहर राशि लौटा दी जायेगी। यदि ठेके के दौरान ठेकेदार द्वारा संस्थान को किसी भी प्रकार से क्षति पहुंचाई गई हो तो धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी तथा क्षति का भुगतान धरोहर राशि के अलावा ठेकेदार को अलग से करना होगा।

Scanned with OKEN Scanner

10. निविदा में उल्लेखित दर अंकित होने तथा विश्वविद्यालय को मान्य न होने की दशा में दरों को वृद्धि करने बाबत खुली बोली का अधिकार उक्त गठित कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा तथा उसमें भाग न लेने वाली पार्टी की निविदा में प्रस्तुत दरें ही अन्तिम मानी जायेगी।

11. उक्त निविदा हेतु निर्धारित समय में कार्य न करने या अनुचित विवाद उत्पन्न करने की परिस्थितियों में प्रभारी अधिकारी द्वारा कार्य आदेश निरस्त किया जा सकता है तथा धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी। स्वच्छ दूध प्राप्त करने हेतु यह आवश्यक है कि:–

(क) दूहारी प्रात व सांय को 06:00 बजे समाप्त हो जाती है, अतः समय पर ही यहां से दूध उठाने की व्यवस्था करे। गर्मियों में विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखे।

(ख) दूध की टंकियों की अच्छी तरह से सफाई रखे तथा किनारों पर किसी भी प्रकार का दूध का अवशेष जमा न हो।

(ग) गर्मियों में जहां तक संभव हो टंकियो को परिवहन के समय ठण्डा रखने की व्यवस्था हो। ताकि दूध खराब ना हो।

12. ठेकेदार पूर्व चैक अथवा नगद राशि के दूध की भरपाई के बाद अगर अगला चैक अथवा नगद राशि नहीं देता है तो उसका ठेका निरस्त कर दिया जायेगा व धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। चैक डिसओनर होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

13. अधिकतम दर को स्वीकार करना, ठेके की अवधि घटाना बढाना तथा बिना कारण बताये किसी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार कमेटी/प्रभारी अधिकारी को रहेगा।

14. दूध का विक्रय अनुसंधान, प्रयोगशाला व स्टाफ की आवश्यकता के अनुसार विक्रय में कमी या वृद्वि की जा सकती है जिसका आपेक्ष स्वीकार नही किया जावेगा तथा प्रतिदिन जो भी मात्रा विक्रय हेतु उपलब्ध होगी उसे ही ठेकेदार को ले जाना होगा तथा मात्रा में कमी/ वृद्वि के लिए कोई ऐतराज स्वीकार नही किया जायेगा।

15. निविदादाता द्वारा समय पर दूध न उठाने के कारण दूध खराब होने पर उस दूध की जिम्मेवारी स्वंय निविदादाता की होगी, उक्त खराब दूध की राशि जमा राशि में से काट ली जायेगी।

16. प्रतिदिन निर्धारित समय पर पशुधन अनुसंधान केन्द्र, नोहर से दूध की राशि का भुगतान डिजीटल तरीके से प्रभारी अधिकारी के खाते में जमा कराना होगा अन्यथा दूध संबंधित फर्म को नही दिया जावेगा किसी कारणवश डिजीटल द्वारा भुगतान नही होता है तो नगद भुगतान भी किया जा सकता है परन्तु ध्यान देवें कि भुगतान डिजीटल तरीके से ही किया जावे।

17. निविदा हेतु जमा धरोहर राशि स्वीकृत होने वाली फर्म के अलावा द्वितीय व तृतीय फर्म की भी एक सप्ताह तक जमा रखी जावेगी। एक सप्ताह बाद प्रथम फर्म के नियमित कार्य करने के उपरान्त द्वितीय व तृतीय फर्म की धरोहर राशि वापस कर दी जायेगी। इस पर किसी भी तरह का ब्याज देय नहीं होगा।

Scanned with OKEN Scanner

18. दूध निस्तारण (डिस्पोजल) के समय ठेकेदार या उसके कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्यहोगी। ठेकेदार डेयरी परिसर में किसी भी बाहरी व्यक्ति को दूध विकय नही करेगा।

19. केंन्द्र के पशुओ का इलाज करने वाले चिकित्साकों को भी केन्द्र के कर्मचारियो की तरह दूध की सुविधा दी जावेगी।तथा उन सभी को उसी दर पर दूध विक्रय किया जायेगा जिस दर से ठेकेदार ने दूध का टेन्डर किया है। तथा इन सभी कर्मचारियों को दूध ठेकेदार के द्वारा दिया जायेगा।

20. दूध क्रय निविदादाता निविदा की दरें रूपये के गुणांक में भरेगें ।

21. उपरोक्त शर्तो के अतिरिक्त राजस्थान पशु चिक्तिसा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर की नियमानुसार अन्य कोई भी शर्त होगी तो वह भी मान्य होगी।

दिनांकः–

Officer Incharge
Livestock Research Station
NOHAR (Hanumangarh)

हस्ताक्षर निविदादाता

Scanned with OKEN Scanner